मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 198 | शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas | संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**शरद पवार गुट ने जारी की पहली लिस्ट**

# खस्ताहाल शहर में चुनाव जीतना चैलेंज

- उल्हासनगर विधानसभा 141 क्षेत्र की हालत बदतर
- दावेदारों का सत्तापक्ष पर प्रहार
- कालानी 90 दशक के कामों की दे रही दुहाई
- विधायक आयलानी के प्रति भारी नाराजगी
- नोटा का हो सकता है जमकर इस्तेमाल

**उल्हासनगर।** महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव बुधवार 20 नवंबर 2024 को होने जा रहा है। ऐसे में उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव जीतना अब वर्तमान व पूर्व विधायकों के लिए एक चैलेंज से कम नहीं होगा। इसलिए यहां नए चेहरे की मांग तेज हो गई है क्योंकि शहर की हालत बद से बदतर हो गई है। जिसके जिम्मेदार सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं के साथ विधायक व सांसद भी है जो प्रशासन से कार्य कराने में असफल साबित हुए हैं। नेताओं की लापरवाही के कारण प्रशासकीय कार्यकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला है जिस कारण शहर विकास कार्य पूरी तरह ठप है। ऐसे में अब नाराज जनता नोटा का जमकर इस्तेमाल कर सकती है। इच्छुक उम्मीदवार अभी से ही भावी विधायक व जीत के दावे करते हुए नजर आ रहे हैं। लेकिन इस खस्ता हालत शहर की योजना केवल घोषणा पत्र व कागजों पर ही दिखाई दे रही है। करीब 2000 करोड़ शहर विकास हेतु सरकार से फंड मिला है जिसका इस्तेमाल शायद शहर विकास नहीं स्वयं विकास पर हुआ है। क्योंकि अगर शहर विकास के लिए फंड का इस्तेमाल हुआ होता तो उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र 141 पूरी तरह समस्याओं से घिरा नहीं होता। शहर में इन दिनों सबसे बड़ी समस्या खस्ता हाल सड़कें, पानी की कमी, यातायात की समस्या, बिजली लोडशेडिंग, अवैध निर्माणों की समस्या, डम्पिंग ग्राऊंड की समस्या, सफाई की समस्या, खतरनाक इमारतों की समस्या, फुटपाथों पर अतिक्रमण, गैरकानूनी कारोबार, अपराधों में वृद्धि जैसे प्रमुख और मूलभूत सुविधाओं से शहर वंचित है। ऐसे में इस बार चुनाव जीतना सबसे बड़ा चैलेंज साबित होगा।









**2019 में नोटा रहा 5वें स्थान पर**

| प्रत्याशी | मिले वोट |
| --- | --- |
| 1. कुमार आयलानी (भाजपा) | 43,577 |
| 2. ज्योति कालानी (राकांपा) | 41,631 |
| 3. भगवान भालेराव (निर्दलीय) | 8207 |
| 4. साजन लबाना (वंचित आघाड़ी) | 5677 |
| **5. नोटा** | **4969** |

### कालानी-आयलानी का राज

उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में कालानी व आयलानी पिछले कई वर्षों से बारी-बारी राज कर रहे हैं। कुमार आयलानी ने 2009 और 2019 में भाजपा की टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। यह जीत शिवसेना और कालानी विरोधियों की एकजुटता और कालानी द्वारा शहर में काम नहीं किए जाने से मिली। फिर भी इस बार आयलानी चुनाव मैदान में उतरने के लिए तैयार है। इस बार उन्हें भाजपा-शिवसेना नेताओं की नाराजगी के कारण समर्थन दिखावे का मिल सकता है और साथ ही शहर विकास को अनदेखा करना उन्होंने अपने कार्यकाल में कोई ऐसा कार्य नहीं किया जो जनता उन्हें याद कर सके। कुमार आयलानी की धर्मपत्नी मीना आयलानी भी महापौर रह चुकी है। इस बार आयलानी की हालत कालानी की तरह हो गई है।

वहीं पप्पू कालानी जो कई वर्षों से जेल में थे उन्होंने 35 वर्ष की आयु में पहली बार 1986 में नगराध्यक्ष पद हासिल उसके बाद उन्होंने लगातार 1990-95, 95-99, 99-2004, 2004-09 चार बार विधानसभा चुनाव जीता। जिसमें दो बार उन्होंने जेल से 1991-2001 चुनाव जीता। उनकी पत्नी स्व. श्रीमती ज्योति कालानी 2014 में विधानसभा चुनाव जीता था। इस तरह कालानी ने उल्हासनगर विधानसभा सीट पर 5 बार यानी करीब 20 वर्षों तक राज किया इतना ही नहीं। वहीं 1995 ज्योति कालानी नगराध्यक्षा बनी और फिर 2005 में महापौर भी लगातार 7 वर्ष वो स्थायी समिति सभापति भी बनी। 2018 में उनकी बहु पंचम कालानी महापौर चुनी गई। इस तरह शहर में कालानी परिवार ने सबसे ज्यादा राज किया है। कांग्रेस, आरपीआय, यूपीपी, राकांपा व भाजपा जैसे पक्ष में कालानी रह चुके हैं। अब टीओके पक्ष बनाया हुआ है और राकांपा शरद पवार गुट से टिकट की उनकी इच्छा है। फिलहाल कालानी मेडिकल ग्राउंड पर जेल से बाहर है और उनके पुत्र ओमी कालानी चुनाव की इच्छुक है। आयलानी-कालानी के कार्यों से जनता नाराज है फिर भी दोनों चुनाव मैदान में उतरकर चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। जबकि जनता की नजर अब तीसरे विकल्प पर है। जिस तरह कालानी का एक छत्र राज खत्म हुआ था इस बार भी इन दोनों का राज अब खत्म करने का समय आ चुका है। ऐसी चर्चा शहर में चल रही है।

### पवार के पैर छूए पर नहीं मिली उम्मीदवारी



मुंब्रा में जितेंद्र आव्हाड के नामांकन पत्र दाखिल के दौरान राकांपा राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार आए हुए थे। उनसे मिलने पूर्व विधायक पप्पू कालानी ने उनके पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। बावजूद कालानी परिवार को उम्मीदवारी देने की कोई बात नहीं हुई। इस दौरान भिवंडी सांसद बाल्या मामा भी थे। ऐसा समझा जा रहा है कि कालानी अपनी उम्मीदवारी पक्की करने के लिए शरद पवार से मिलने गए थे। क्या उनको उम्मीदवारी मिलेगी और अगर मिलेगी तो किसे ओमी कालानी अथवा पंचम कालानी को? इस पर सस्पेंस बरकरार है।

# किणीकर-वालेकर के बीच क्या मतभेद खत्म हो गया?



## सस्पेंस बरकरार



▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में गत दो दिनों से ये चर्चा जोरों पर है कि क्या विधायक किणीकर और शिवसेना के शहर प्रमुख अरविंद वालेकर के बीच गत कुछ वर्षों से मतभेद चल रहा था. दोनों ने आपस में बातचीत भी करना बंद कर दिया था. क्या दोनों के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुलह करा दी है. जबकि दोनों का एक फोटो मुख्यमंत्री के साथ वायरल हुआ है. बाद में ये मालूम पड़ा कि इन दोनों में दोस्ती कराने का जिम्मा वामन म्हात्रे और राजेंद्र चौधरी के सुपुर्द किया गया है. एक और वीडियो कल फिर वायरल हुआ है, जिसमें ये देखने को मिला कि विधायक किणीकर का हाथ पकड़कर वामन म्हात्रे उन्हें शिवसेना मुख्य शाखा अंबरनाथ के अंदर की ओर ले जा रहे हैं. अंदर दोनों के बीच क्या हुआ है, ये पत्रकारों को मालूम नहीं हो सका है. क्योंकि किणीकर और वालेकर ने अभी तक अधिकृत रूप से ये बयान नहीं दिया है कि दोनों के बीच सुलह हो गई है. एक अंदाज लगाया जा रहा है कि दोनों के बीच का मनमुटाव अब दूर हो गया है. इसी मनमुटाव के कारण अंबरनाथ विधानसभा से शिवसेना शिंदे गट की ओर से डॉ. बालाजी किणीकर की उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की गई थी. क्या किणीकर के नाम की अधिकृत घोषणा अब जल्द कर दी जाएगी? ये सस्पेंस कब खत्म होगा? ऐसा शहरवासी एक दूसरे से पूछ रहे हैं.

**तत्कालीन जिला अधिकारी की मिलीभगत से**

# 65.80 लाख रुपए के राजस्व का नुकसान

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में हरि चुहरमल वाधवा को 20 जनवरी 2021 को 3500 वर्ग गज की सनद के लिए स्थानांतरण पत्र जारी किया गया था और उन्हें 235 रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब से भूमि शुल्क का भुगतान करना अनिवार्य था। लेकिन तत्कालीन प्रांतीय अधिकारियों ने मिलीभगत कर आदेश में हेराफेरी कर यह राशि 235 रुपये प्रति वर्ग गज कर दी.

प्रहार एसोसिएशन के ठाणे जिला अध्यक्ष एड. स्वप्निल पाटिल ने आरोप लगाया है कि सरकार के राजस्व को 65 लाख 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। 27 जनवरी 2021 को जारी किए गए ट्रांसफर डीड में 3500 वर्ग गज के लिए 8 लाख 22 हजार 500 रुपये जमा किए गए, जो कि 3500 वर्ग गज के लिए 235 रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से 8 लाख 22 हजार 500 रुपये कैसे हो सकता है. जबकि उन्हें 9 गुना रकम चुकानी थी. उसके बाद जिला अधिकारी गिरासे का तबादला हो गया और 26 मार्च 2021 को इस घोटाले को नजरअंदाज करते हुए दूसरे पूर्व जिला अधिकारी जयराज कारभारी ने भी गिरासे के नक्शेकदम पर चलते हुए हरि वाधवा को थोड़ी सी रकम देकर 3500 वर्ग गज जमीन का अधिकार पत्र (सनद) दे दिया.

# तेज रफ्तार टेम्पो की चपेट में 14 वर्षीय बालक की मौत

- एक अन्य लड़का घायल हो गया
- टैंपो चालक गिरफ्तार



**डोंबिवली.** बुधवार रात करीब 8 बजे डोंबिवली पूर्व के कावेरी चौक पर तेज रफ्तार टेंपो की टक्कर से 14 वर्षीय लड़के की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 वर्षीय एक अन्य लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद, टेंपो चालक को मानपाडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और प्रारंभिक जांच से पता चला कि वह शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था।

मृत लड़के की पहचान सोनारपाड़ा निवासी बुद्धशाल खंडारे (उम्र 14 वर्ष) के रूप में की गई है। घायल लड़के का नाम वैभव शेंडगे (उम्र 15) है और उसे तत्काल इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समझा जाता है कि दोनों लड़के ग्रीन इंग्लिश स्कूल के छात्र हैं।

यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना तब घटी जब वह क्लास से घर जा रहे थे। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और टेंपो के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया. ऐसा संदेह है कि टेम्पो का चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस घटना से इलाके में आक्रोश है और स्थानीय लोगों ने सड़क पर यातायात सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है.

# कल्याण पूर्व में सुलभा गायकवाड का शक्ति प्रदर्शन

- भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उम्मीदवारी फॉर्म भरा
- शिव सेना के असंतुष्ट गुट ने जुलूस से किया किनारा





**कल्याण.** कल्याण पूर्व से महायुति की उम्मीदवार सुलभा गणपत गायकवाड़ ने गुरुवार को महायुति के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में शक्ति प्रदर्शन करते हुए महानगर पालिका के डी वार्ड कार्यालय में चुनाव अधिकारियों को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इस समय, शिव सेना में असंतुष्ट समूह द्वारा महायुति के जुलूस से मुंह मोड़ने की तस्वीर सामने आई. बीजेपी के कल्याण पूर्व से विधायक गणपत गायकवाड़ फायरिंग मामले में जेल में हैं. इसलिए इस बार बीजेपी ने उनकी पत्नी को उम्मीदवार बनाया है.

बीजेपी ने बुधवार को माहौल बना दिया था कि उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस नामांकन फॉर्म भरने आएंगे. लेकिन व्यस्तता के कारण वे भी नामांकन फॉर्म भरने नहीं आ सके. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, सार्वजनिक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण, पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल, पूर्व मंत्री कपिल पाटिल, विधायक कुमार आयलानी, रिपब्लिकन पार्टी के अन्ना रोकड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष अभिमन्यु गायकवाड़, कल्याण पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय मोरे, शिवसेना की पूर्व नगरसेविका माधुरी काले ने भाग लिया।

जुलूस की शुरुआत तीसगांव नाका विधायक गणपत गायकवाड़ के तिसाई हाउस से की गई. जुलूस में चित्ररथ, ढोल-ताशा, तालवाद्य शामिल थे। महायुति और सुलभा गायकवाड़ की जीत की घोषणाओं से इलाका गूंज उठा। उम्मीदवार सुलभा गायकवाड़ के परिवार के सदस्यों, मंत्री रवींद्र चव्हाण, पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल, सुलभा गायकवाड़ ने सजे हुए रथ से उपस्थित लोगों का स्वागत किया।

स्थानीय पदाधिकारियों, पूर्व नगरसेवकों समेत शिवसेना के वरिष्ठ नेताओं ने इस जुलूस से मुंह मोड़ लिया. महागठबंधन के असंतुष्ट सदस्यों को सांकेतिक चेतावनी देने के लिए उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को कल्याण पूर्व लाया जाना था। जुलूस के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस की व्यवस्था की गयी थी.

कल्याण कई सालों से पूर्व में शिवसेना-बीजेपी गठबंधन से चुनाव लड़ते रहे हैं. विधायक गणपत गायकवाड का अच्छा जनसंपर्क यहां है. उन्होंने इस क्षेत्र में कई विकास कार्य किये हैं. सुलभा गायकवाड़ विकास के इसी एजेंडे के साथ चुनाव लड़ रही हैं.

## पुलिस पर क्या कार्रवाई हुई?

**हाईकोर्ट ने पूछा सवाल**

**मुंबई.** उच्च न्यायालय ने बुधवार को बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में राज्य सरकार और पुलिस को आड़े हाथों लिया। बॉम्बे हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा कि उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई जिन्होंने एफआईआर दर्ज करने और यौन उत्पीड़न की जांच में देरी की। इतना ही नहीं बल्कि कर्तव्य में भी लापरवाही की. कोर्ट ने राज्य सरकार को पुलिस के खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में अगली सुनवाई पर जानकारी देने का निर्देश दिया है. बदलापुर के स्कूल में यौन शोषण की घटना के बाद हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान याचिका दायर की थी. इस याचिका पर बुधवार (23) को रेवती मोहिते-डेरे और न्याय पृथ्वीराज चव्हाण की बेंच के सामने सुनवाई हुई. इसके बाद कोर्ट ने सरकार से अपराध की जांच की मौजूदा स्थिति के बारे में पूछा.

# ठाणे जिले से 17 उम्मीदवारों ने आवेदन दाखिल किए

- कुल 241 नामांकन पत्रों का वितरण

**ठाणे.** ठाणे विधानसभा चुनाव 2024 के लिए नामांकन पत्रों का वितरण शुरू हो गया है और गुरुवार को विभिन्न दलों के कुल 17 उम्मीदवारों ने ठाणे विधानसभा क्षेत्र से अपने नामांकन पत्र जमा किए और कुल 241 नामांकन पत्र वितरित किए गए।

134 भिवंडी विधानसभा क्षेत्र से दो स्वतंत्र उम्मीदवारों मनीषा रोहिदास ठाकरे और स्नेहा देवेंद्र पाटिल ने चुनाव अधिकारी मल्लिकार्जुन माने को अपना उम्मीदवारी फॉर्म जमा किया। गुरुवार को कुल 4 नामांकन पत्र वितरित किये गये। 135 – शाहपुर (एजे) विधानसभा क्षेत्र से राकांपा उम्मीदवार (अजित पवार समूह) दौलत भीका दरोडा और राकांपा उम्मीदवार (अजित पवार समूह) शर्मिला अमोल शेलके ने चुनाव रिटर्निंग अधिकारी राहुल मुंडके को अपना नामांकन पत्र जमा किया। गुरुवार को कुल 13 नामांकन पत्र वितरित किये गये। 136 – भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से आज कुल 09 नामांकन पत्र वितरित किये गये। 137 – भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार रूपेश लक्ष्मण म्हात्रे ने चुनाव रिटर्निंग अधिकारी अमित सानप को अपना नामांकन फॉर्म जमा किया। कुल 30 नामांकन पत्र वितरित किये गये। 138 - कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से कुल 73 नामांकन पत्र वितरित किये गये। 139 – मुरबाड विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार किसन कथोरे ने आज चुनाव रिटर्निंग अधिकारी अंजलि पवार को अपना नामांकन फॉर्म जमा किया। कुल 7 नामांकन प्रपत्र वितरित किये गये। 140 - अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र से कुल 25 नामांकन पत्र वितरित किये गये। 141 - उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से आज कुल 8 नामांकन पत्र वितरित किये गये। 142 - कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार सुलभा गणपत गायकवाड़ ने चुनाव रिटर्निंग अधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल को अपना नामांकन फॉर्म जमा किया। आज कुल 9 नामांकन पत्र वितरित किये गये। 143- डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र से आज कुल 3 नामांकन पत्र वितरित किये गये। 144 - महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के उम्मीदवार प्रमोद रतन पाटिल और उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना) के उम्मीदवार सुभाष गनु भोईर ने कल्याण ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव रिटर्निंग अधिकारी विश्वास गुजर को अपना नामांकन पत्र जमा किया।

## आशेराम टांक बने मुख्य प्रवक्ता



**उल्हासनगर.** आशेराम टांक को कांग्रेस जिला का मुख्य प्रवक्ता पद पर नियुक्ति जिला कांग्रेस अध्यक्ष रोहित सालवे ने की है. मालूम हो कि आशेराम टांक उल्हासनगर में कांग्रेस पार्टी से पिछले 51 साल से जुड़े हैं और ब्लॉक महासचिव से अपनी सफर की शुरुआत कर ब्लॉक अध्यक्ष के बाद कई सालों तक पार्टी प्रवक्ता की सेवाएं देने के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आशेराम टांक को पार्टी के मुख्य प्रवक्ता के पद पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारा नियुक्त किया गया है। आशेराम टांक अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस से भी जुड़े हुए हैं और इस प्रकार वह मज़दूरों की समस्याओं को भी उठाते रहे हैं. कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता पद पर उनकी नियुक्ति होने पर कांग्रेसजनों समेत वाल्मीकि समाज तथा हर समाज के लोगों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गई है।

# सोनारा गली में चल रहा सोना गलाने का अवैध कारोबार

### नागरिकों का स्वास्थ्य ख़तरे में







**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप नंबर 2 स्थित सोनार गली आज तक स्वर्णकारों के व्यवसाय में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में इस गली में अवैध सोना गलाने का कारोबार बढ़ गया है. परिणामस्वरूप, स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ने लगा है। आसपास के वातावरण में जहरीले धुएं की मात्रा बढ़ गई है, जिससे कई लोगों को श्वसन संबंधी विकार, अस्थमा, आंखों में जलन जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में, उल्हासनगर शहर के सोनार गली में 100 से अधिक दुकानदार सोना गलाने के अवैध कारोबार में लगे हुए हैं। कहा जाता है कि यह प्रक्रिया एक प्रकार की सोने की परत चढ़ाने की प्रक्रिया है और इसमें अत्यधिक खतरनाक रसायनों का उपयोग किया जाता है। इससे इलाके में लगातार जहरीला धुआं फैल रहा है, जो नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है. यो रासायनिक गैसें श्वसन संबंधी समस्याओं को बढ़ाती हैं और पुरानी बीमारियों को आमंत्रित करती हैं। इसके कारण नागरिकों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को इस जहरीले धुएं से अधिक परेशानी हो रही है।

अवैध सोना पिघलाने के लिए दुकानदार बड़ी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल करते हैं, जो नियमों के खिलाफ है. चूंकि इन सिलेंडरों का इस्तेमाल बेहद असुरक्षित तरीके से किया जाता है, इसलिए बड़ी दुर्घटना होने का खतरा रहता है। कुछ महीने पहले इसी गली में एक सिलेंडर फट गया था और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए थे, सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई थी. हालांकि इस घटना के बाद भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है. दुकानदार आज भी उसी खतरनाक तरीके से कारोबार कर रहे हैं। सिलेंडर का इस्तेमाल न सिर्फ गैरकानूनी है, बल्कि अग्नि सुरक्षा के लिहाज से भी बेहद खतरनाक है।

**शिकायत के बाद भी नहीं हुई कोई ठोस कार्रवाई!**

इस समस्या को लेकर सोनार गली के नागरिकों ने कई बार प्रशासन से शिकायत की है. अग्निशमन विभाग और मनपा को भी नोटिस दिया गया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नागरिकों के मुताबिक प्रशासन की ओर से सिर्फ कागजी कार्रवाई की जा रही है, जिसका कोई वास्तविक असर नहीं है. हालात इतने खराब हैं कि दुकानदारों ने अपनी दुकानें इतनी दूर तक फैला ली हैं कि आपात स्थिति में दमकल की गाड़ियों का इस लेन तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है. इसलिए, यदि कोई दुर्घटना होती है, तो नागरिकों के जीवन को गंभीर खतरा होता है।

**सामूहिक हस्ताक्षर अभियान**

इस अवैध कारोबार से परेशान नागरिकों ने अब कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया है. लगभग 100 निवासी सामूहिक हस्ताक्षर अभियान चलाने के लिए एक साथ आए हैं और स्थानीय पुलिस स्टेशन को एक बयान सौंपा है। इस बयान में, नागरिकों ने स्पष्ट किया है कि यदि प्रशासन तत्काल कार्रवाई नहीं करता है, तो वे न्यायिक चैनलों के माध्यम से न्याय मांगने के लिए आगे बढ़ेंगे। नागरिकों की मुख्य मांग है कि इस अवैध सोना गलाने के कारोबार को तुरंत बंद किया जाए और उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए।

# अंबरनाथ जयहिंद बैंक को राष्ट्रीय स्तर पर दो पुरस्कार





▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ जयहिंद बैंक अंबरनाथ को बेस्ट ऑडिट इनिशिएटिव और बेस्ट सायबर सिक्युरिटी काम्प्लायंस इन दो पुरस्कार गट में देश भर की सभी सहकारी बैंकों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. बैंकिंग फ्रंटियर्स इस अग्रणी संस्था ने ये पुरस्कार दिया है. ये संस्था गत तीन दशक से देशभर के सहकारी बैंकों की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने का कार्य करता है. आर्थिक वर्ष 2023-24 के लिए 500 से 1000 करोड़ रुपयों के डिपाजिट वाले देश के सभी बैंकों का बेस्ट ऑडिट रखने वाले बैंक को संस्था द्वारा सम्मानित किया जाता है. अंबरनाथ के जयहिंद सहकारी बैंक को राष्ट्रीय स्तर पर बैंकिंग फ्रंटीयर्स इस संस्था ने 20 अक्टूबर 2024 को लखनऊ में सम्मानित किया है. जयहिंद बैंक की तरफ से मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय कुरणकर, ऑडिट डिपार्टमेंट की विद्या मोरे और संचालिका संध्या वालावलकर ने ये पुरस्कार स्वीकार किया है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## जमीनी स्तर पर नहीं हो रही कार्रवाई

मानसून की विदाई के साथ धान की कटाई शुरू हो गई है। मगर विडंबना है कि हर सख्ती के बावजूद खेत-खलिहानों में इस वर्ष भी पराली जलाई जा रही है। इससे जाहिर है कि नियम-कायदों की परवाह किसी को नहीं है। यह छिपी बात नहीं है कि पराली जलाने से प्रति वर्ष दिल्ली और आसपास प्रदूषण गंभीर स्तर तक पहुंच जाता है। नागरिकों का दम घुटने लगता है। अस्पतालों में उपचार कराने की नौबत आ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कवायद शुरू की, तब जाकर पंजाब और हरियाणा की सरकारें सक्रिय हुईं।

पंजाब पुलिस ने आनन-फानन में एक महीने में ही आठ सौ चौहत्तर प्राथमिकियां दर्ज कीं। वहीं कैथल जिले में पराली जलाने पर अठारह किसानों को गिरफ्तार किया गया। हरियाणा के कृषि विभाग ने पहली बार चौबीस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। बावजूद इसके, पराली जलाने के मामले घट नहीं रहे। दिल्ली के आसमान पर धुएं की परत जमने लगी है। ऐसे में सर्वोच्च अदालत ने केंद्र के साथ पंजाब और हरियाणा को याद दिलाया है कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है।

**कोर्ट की फटकार के बाद सरकार ने लिया एक्शन**

बड़ा सवाल है कि नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में होने के बावजूद पर्यावरण कानून का पालन करने से सरकारों को कौन रोक रहा है? इसे शक्तिहीन बनाने के लिए अदालत ने बुधवार को केंद्र की भी खिंचाई की। स्पष्ट है कि पराली जलने से लगातार बढ़ रहे प्रदूषण की बड़ी वजह जमीनी स्तर पर कार्रवाई न होना है। राज्य सरकारें और स्थानीय जिला प्रशासन पर्यावरण संरक्षण कानून को सख्ती से लागू करते, तो यह नौबत नहीं आती।

यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा के मुख्य सचिवों को तलब कर बार-बार आंकड़े बदलने पर सवाल उठाया और कहा कि हर कोई इस मामले को हलके में ले रहा है। इससे गलत संदेश गया है। यह हैरानी की बात है कि शीर्ष न्यायालय की फटकार और बार-बार चिंता जताए जाने पर भी गंभीरता से व्यापक कार्रवाई न होना, यह साबित करता है कि राज्य सरकारें नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत नहीं हैं।

# महाराष्ट्र और झारखंड में सीट बंटवारे पर खींचतान

महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले राजनीतिक परिदृश्य ऐसा है, जिसकी कल्पना हाल के लोकसभा चुनाव के बाद नहीं की जा रही थी। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस सहित उसके घटक दलों के स्वर में उत्साह और आत्मविश्वास की गूंज थी। ऐसा लगता था कि उन्होंने लड़ाई में जबरदस्त जीत हासिल की और भाजपा पराभव की ओर है।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के नतीजों ने माहौल बदल दिया। यदि महाराष्ट्र और झारखंड में आईएनडीआईए में सीट बंटवारे को लेकर जो कुछ हुआ, उसी को आधार बनाएं तो पता चल जाएगा कि स्थिति कितनी बदली हुई है। एक ओर भाजपा ने आत्मविश्वास और परिपक्वता से सहयोगी दलों के साथ सीटों का तालमेल किया और दोनों राज्यों में आपसी विरोध नहीं दिखा।

दूसरी ओर महाराष्ट्र और झारखंड में आईएनडीआईए के बीच सीटों को लेकर जिस तरह की खींचतान तथा सार्वजनिक बयानबाजी हुई, उससे तथाकथित एकजुटता की वास्तविकता सामने आई। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के नेता एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी ही नहीं करते रहे, अपने हिसाब से प्रत्याशी उतारने की घोषणा भी करते रहे।

यह कहना ठीक नहीं होगा कि भाजपा नेतृत्व वाले राजग में सीटों को लेकर समस्याएं नहीं। मूल बात है कि आप इसे हैंडल कैसे करते हैं। महायुति में देवेंद्र फडणवीस, अजीत पवार और एकनाथ शिंदे में से किसी ने सीटों के बंटवारे को



लेकर असंतोष प्रकट नहीं किया। भाजपा ने महाराष्ट्र में आरंभिक 99 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे, जहां दूसरे का दावा नहीं था।

झारखंड में भी उसने शांति से सीटों का बंटवारा कर लिया और स्वयं 68 सीटों पर लड़ते हुए आजसू को 10, जदयू को दो एवं लोजपा को एक सीट दी। लोजपा का प्रदेश में जनाधार नहीं है और जद-यू भी ऐसी स्थिति में नहीं कि साथ न लेने पर भाजपा को क्षति पहुंचा दे। बावजूद इसके गठबंधन में एका बनाए रखने के लिए भाजपा ने ऐसा किया। दोनों गठबंधनों के बीच का यह गुणात्मक चरित्र चुनाव परिणाम पर प्रभाव नहीं डालेगा, यह मानना व्यावहारिक नहीं।

महाराष्ट्र का अंकगणित देखें तो 2019 के विधानसभा चुनाव परिणामों का अब इसलिए महत्व नहीं, क्योंकि शिवसेना और राकांपा दोनों टूट चुकी हैं। यद्यपि भाजपा और कांग्रेस में टूट नहीं हुई है, लेकिन साथी दलों से इन्हें तब प्राप्त मतों का अनुमान लगाना संभव नहीं। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में 48 में से राजग को केवल 18 तथा महाविकास अघाड़ी को 30 सीटें प्राप्त हुईं।

भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र दूसरा बड़ा धक्का था, जिसने लोकसभा में उसके अंकगणित को बहुमत से पीछे किया। झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी के साथ परिवार बंट गया है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और भाभी सीता सोरेन भाजपा के साथ हैं। झामुमो की लोकप्रियता नीचे है। हरियाणा में जीतते-जीतते हारना और जम्मू कश्मीर में बुरे प्रदर्शन के कारण कांग्रेस के अंदर निराशा है। इसके साथ आईएनडीआईए घटकों के बीच संदेश गया है कि कांग्रेस की हैसियत अपनी बदौलत सफलता पाने की नहीं है। जम्मू कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनाव में लोकसभा चुनाव की प्रवृत्तियां बदलती दिखाई दी हैं।

महाराष्ट्र में भाजपा के लिए दलितों के बीच विस्तृत पैठ बनाना कठिन रहा है, क्योंकि यह प्रदेश दलित आंदोलन का केंद्र है, जिसके निशाने पर हिंदुत्व और भाजपा रही है। लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार संविधान और आरक्षण खत्म कर देगी का प्रचार दलितों और पिछड़ों के एक वर्ग तक पहुंचा। उसने आईएनडीआईए के पक्ष में मत दिया, लेकिन हरियाणा के दलितों के बड़े वर्ग ने भाजपा के पक्ष में जाकर जता दिया कि वह इस गलत प्रचार के झांसे में नहीं आने वाला। हरियाणा सरकार गठित होने के बाद नायब सिंह सैनी सरकार ने अनुसूचित जाति आरक्षण में उपवर्गीकरण को लागू कर दिया, जिसका लाभ दलितों के अंदर वंचित वर्ग को मिलेगा।

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के समय देखा गया कि भाजपा उम्मीदवारों और संगठनों में तो तालमेल था, लेकिन राज्य सरकार को लेकर संगठन परिवार के अंदर असंतोष और नाराजगी थी।






जीवंत मानव एकता की शुरुआत होती है अपने दिलों से शत्रुता मिटाने से।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# चीन के साथ सकारात्मक रुख

ब्रिक्स सम्मेलन में एक बार फिर भारत और चीन के रिश्तों में गरमाहट लौटती दिखी है। पिछले पांच वर्षों से दोनों देशों के बीच तल्खी बनी हुई थी। हालांकि इस बीच कुछ मौकों पर हमारे प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकातें जरूर हुईं, मगर द्विपक्षीय वार्ता नहीं हुई थी। ब्रिक्स सम्मेलन में अलग से दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता की और परस्पर सहयोग और सम्मान का संकल्प दोहराया। इस वार्ता से एक दिन पहले दोनों देशों ने पूर्वी लद्दाख में अपनी सेनाओं को पीछे लौटाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पुरानी स्थिति बहाल रखने का फैसला किया था। चीन ने दौलतबेग ओल्डी और डेमचोक क्षेत्र में अपना अतिक्रमण हटाने पर सहमति दे दी।

अब दोनों देशों की सेनाएं अपने हिस्से के इलाकों में गश्त कर सकेंगी। चीन ने यह भी कहा है कि वह सीमा विवाद सुलझाने में भारत का सहयोग करेगा। अब प्रधानमंत्री की शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि चीन का रुख लचीला हो गया है और वह भारत के साथ दोस्ती बनाए रखना चाहता है। हालांकि यह कोई नाटकीय घटना नहीं है। इसकी पृष्ठभूमि शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से ही बननी शुरू हो गई थी, जब दोनों देशों के विदेशमंत्रियों ने अलग से बातचीत की थी।

सच्चाई यह भी है कि चीन बेशक अपनी विस्तारवादी रणनीति के तहत भारत को घेरने का प्रयास करता रहा हो, पर आज की वैश्विक स्थितियों में वह इसके साथ लंबे समय तक तनावपूर्ण रिश्ते बना कर नहीं चल सकता। चीन को मुख्य चुनौती अमेरिका से है। इसलिए



अगर चीन को इस चुनौती से पार पाना है, तो उसे भारत के साथ रिश्ते मधुर बना कर रखने ही होंगे। ब्रिक्स का गठन ही इस मकसद से हुआ था कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिका और यूरोपीय देशों के दबदबे को कमजोर किया जा सके।

फिर, अमेरिका और यूरोप ने जिस तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की, उससे रूस के सामने भी चुनौतियां बढ़ गई थीं। उसने चीन के साथ नजदीकी बढ़ा ली। मगर गलवान सैन्य संघर्ष के बाद चीन और भारत के बीच तल्खी कायम रहने से इस समीकरण में बाधा आ रही थी। इसलिए रूस भी चाहता था कि भारत और चीन अपने मतभेद जल्दी सुलझा लें। फिर, भारत के बिना ब्रिक्स देशों के संगठन में मजबूती कभी नहीं आ सकती। अच्छी बात है कि चीन ने इस तकाजे को समझा और भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ा दिया।

भारत की अहमियत चीन के लिए भी बड़ी है। भारत अब भी उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है। फिर, जिस तरह भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और तकनीकी क्षेत्रों में लगातार भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि दवा उत्पादन, सेमीकंडकटर आदि के मामलों में दुनिया के बहुत सारे देशों के लिए एक बड़े सहयोगी के रूप में दिखने लगा है, ऐसे में चीन उसकी अनदेखी नहीं कर सकता।

वैश्विक दक्षिण के तमाम देशों को भारत पर भरोसा है। इसलिए भी चीन और रूस उसे अलग करके नहीं रख सकते। अच्छी बात है कि चीन ने अपना रुख बदल लिया है, मगर उससे यह अपेक्षा फिर भी बनी रहेगी कि भारत के हिस्से वाले क्षेत्रों, उसके पड़ोसी देशों और हिंद महासागर में अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत चलाई जा रही, भारत के लिए चिंता पैदा करने वाली, गतिविधियों पर भी विराम लगाए।

# क्या आपने ट्रक के पीछे लटके हुए फटे जूते देखे हैं?

क्या आपने ट्रक और लौरियों के पीछे लटके हुए फटे-पुराने जूते देखे हैं? बहुत सी ट्रक में ड्राइवर पीछे की ओर फटे जूते टांग देते हैं. अगर आपने इन्हें देखा होगा, तो तुरंत ही उसे अंधविश्वास से जोड़ लिया होगा, लेकिन अगर हम आपको कहें कि ये सिर्फ अंधविश्वास नहीं है, इसके पीछे भी एक बड़ा कारण है, तो आप क्या कहेंगे?

सड़कों पर गाड़ियां चलाते वक्त आपकी नजरें ट्रक, या लॉरियों पर तो गई ही होगी. उनका रंगीन लुक लोगों को काफी आकर्षक लगता है, इस वजह से नजर तुरंत ही रुक जाती है. पर इन गाड़ियों से जुड़ी एक

**जरा हट के**

और खास और रोचक बात है, जिसपर शायद ही कोई गौर करता होगा. क्या आपने ट्रक और लारियों के पीछे लटके हुए फटे-पुराने जूते देखे हैं? बहुत सी ट्रक में ड्राइवर पीछे की ओर फटे जूते टांग देते हैं. अगर आपने इन्हें देखा होगा, तो तुरंत ही उसे अंधविश्वास से जोड़ लिया



होगा, लेकिन अगर हम आपको कहें कि ये सिर्फ अंधविश्वास नहीं है, इसके पीछे भी एक बड़ा कारण है, तो आप क्या कहेंगे?

जी हां, इन फटे जूतों को टांगने के पीछे जो वजह है, वो सिर्फ अंधविश्वास नहीं, साइंस भी है. दरअसल, ये राज सालों पहले से जुड़ा है, जब सामानों, खासकर ट्रकों को नापने के लिए कोई तकनीक नहीं बनी थी. आज की तरह उस वक्त भी गाड़ियों को ओवरलोड होने से बचाना पड़ता था, क्योंकि उससे एक्सिडेंट होने का खतरा, या फिर ट्रकों के टायर फट जाने का खतरा बढ़ जाता था. इसके लिए पीछे जूते टांग दिए जाते थे. फिर ट्रक को सामान से भरा जाता था. जब सामान ज्यादा हो जाता था, तो ट्रक अपने आप नीछे झुकने लगता था. अगर जूता जमीन से छूने लगता था, तो ट्रक ड्राइवर समझ जाते थे कि ट्रक काफी नीचे झुक गया है, यानी उसमें ज्यादा सामान भर गया और वो ओवरलोड हो चुका है.

इस प्रकार ट्रक को उतना ही भरा जाता था, जितने में जूता जमीन से ऊपर ही रहे. इस तरह ओवरलोड ट्रक का पता लगाया जाता था. अब तो स्थिति काफी बदल गई है.

# सूरन की सब्जी





**सामग्री :**

- 300 ग्राम जिमीकंद
- आधा चम्मच नमक
- 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
- आधा नींबू का रस
- तलने के लिए 4 बड़े चम्मच सरसों का तेल
- 2 टमाटर
- आधा इंच अदरक का टुकड़ा
- 2 हरी मिर्च
- आधा चम्मच जीरा
- चुटकी भर हींग
- 1 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1 चम्मच धनिया पाउडर
- 1 टुकड़ा दालचीनी
- आधी इलायची के दाने
- 1 बड़ा चम्मच मेथी दाने
- 1 चौथाई कप दही
- गार्निश करने के लिए हरा धनिया

**बनाने का तरीका:**

सूरन को काटने से पहले हाथों पर थोड़ा सा तेल लगा लें। इसके बाद सूरन को चौकोर टुकड़ों में काट लें। अब सूरन को उबालने के लिए कुकर में एक गिलास पानी, आधा चम्मच नमक और 1/4 चम्मच हल्दी के साथ आधा नींबू का रस डालकर एक सीटी लगा लें। इसके बाद गैस बंद करके कुकर का प्रेशर निकलने दें। इसके बाद उबले हुए सूरन का पानी अलग कर लें। अब सूरन को तलने के लिए एक पैन में 4 बड़े चम्मच सरसों का



तेल गर्म करें। तेल के गर्म होते ही पैन में उबले हुए सूरन के टुकड़े डालकर उन्हें हल्का भूरा होने तक भूनें। जब इसी तरह सारे सूरन के टुकड़े फ्राई हो जाएं तो उन्हें एक प्लेट में निकाल ले। अब उसी पैन में ग्रेवी बनाने की तैयारी शुरू करें। ग्रेवी बनाने के लिए मिक्सी में 2 टमाटर, आधा इंच अदरक का टुकड़ा और 2 हरी मिर्च डालकर पेस्ट तैयार कर लें। अब पैन में आधा चम्मच जीरा, चुटकी भर हींग, 1 चम्मच हल्दी पाउडर, 1 चम्मच धनिया पाउडर डालकर तड़का लगा लें। पैन में डाले मसाले को हल्का भूनकर 2 मिनट बाद इसमें तैयार टमाटर अदरक का पेस्ट और लाल मिर्च पाउडर डाल दें। इस मिश्रण को 3-4 मिनट तक चलाने के बाद इसमें 1 टुकड़ा दालचीनी, इलायची के दाने, 1 बड़ा चम्मच कुटी हुई कसूरी मेथी डालकर तब तक भूनें, जब तक मसाला तेल ना छोड़ने लगे। एक बार जब मसाला अच्छी तरह पक जाए तो उसमें 1/4 कप दही डालकर 1-2 मिनट तक चलाते हुए भून लें। अब इसमें 1 कप पानी डालकर चलाने के बाद, ग्रेवी में तले हुए जिमीकंद के टुकड़े डाल दें। सब्जी को ढककर धीमी आंच पर 5 मिनट तक पकाएं। आपकी सब्जी बनकर तैयार है।

# मेंटल हेल्थ के लिए वर्क फ्राम होम ठीक नहीं

- **ऑफिस जाकर काम करना है ज्यादा अच्छा**
- **स्टडी में खुलासा**



अगर प्रोफेशनल लाइफ को अच्छा और सुकूनभरा बनाना चाहते हैं तो अपने कलीग्स के साथ बैठकर बात करना और काम करना ज्यादा अच्छा है। ये बातें हम नहीं बोल रहे बल्कि ग्लोबल स्टडी में इस बात का दावा किया गया है। वर्क फ्राम ऑफिस मेंटल हेल्थ के लिए वर्क फ्राम होम की तुलना में ज्यादा अच्छा है। स्टडी के मुताबिक कलीग्स के साथ अच्छे रिलेशन मेंटल हेल्थ को बेहतर करते हैं।

### क्या कहती है रिपोर्ट

ग्लोबली हुई इस स्टडी में पाया गया कि भारत में ऑफिस में काम करने वाले लोगों के मेंटल हेल्थ उन लोगों की तुलना में ज्यादा अच्छे हैं जो घर से या हाइब्रिड माहौल में काम कर रहे हैं। बल्कि अमेरिका और यूरोप के देशों में ठीक इसका उल्टा है। वहां हाइब्रिड ऑफिस में काम कर रहें लोगों की मेंटल हेल्थ ग्रोथ ज्यादा अच्छी पाई गई है। बता दें कि इस स्टडी को वर्क कल्चर एंड मेंटल वेलबीइंग अमेरिका में बने साइपियंस लैब में की गई है। जिसमे 65 देशों के 54,831 नौकरीशुदा लोग जो इंटरनेट के जरिए आंसर दिए हैं। उनके डाटा को स्टडी में इस्तेमाल किया गया है।

### वर्क लोड और खराब रिलेशन है सबसे बड़ा कारण

हाल ही में पुणे में 26 साल की चार्टर्ड अकाउंटेंट की मौत के बाद ये बहस शुरू हुई। जिसमे इंडिया में हाई वर्कलोड, स्ट्रेस और टॉक्सिक वर्कप्लेस एनवायरमेंट को जिम्मेदार माना गया। वहीं कलीग्स के बीच तनाव एक मेन वजह होती है, जो मेंटल हेल्थ पर असर डालती है। लेकिन वर्क लाइफ को बैलेंस करने वाले फैक्टर में ये फैक्टर बाकी पैरामीटर की तुलना में आधा ही काम करता है।

### मेंटल हेल्थ पर क्या चीजें डालती हैं असर

अपने सहकर्मियों यानी कलीग्स के साथ रिलेशनशिप, काम के प्रति गर्व महसूस करना जो आप कर रहे हैं ये सारी चीजें मेंटल हेल्थ पर ज्यादा असर डालती हैं। अगर आपके सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं और आप जिस काम को कर रहे हैं उसको लेकर गर्व की भावना मन में नही है तो ये दुख, अकेलापन जैसी फीलिंग को बढ़ाते हैं। अगर काम के प्रति मन में असंतोष है और काम करने की इच्छा नही हैं तो ये एनर्जी लेवल को कम करती है और मोटिवेशन भी नहीं देती। भारत में कलीग्स के साथ बुरा संबंध मेंटल हेल्थ पर भी बुरा असर डालता है। वहीं दूसरे देशों में टीम के साथ काम करना बेहतर मेंटल हेल्थ की तरफ इशारा कर रहा है बजाय अकेले काम करने के। भारत में टीम का साइज बढ़ने से मानसिक स्वास्थ्य पर असर बढ़ता जाता है जबकि दूसरे देशों में ठीक इसका उल्टा है।

### वर्क लोड का कितना है असर

काम का बोझ मेंटल हेल्थ के लिए बड़ा कारण होता है। लेकिन स्टडी के मुताबिक भारत में काम के बोझ को असहनीय बताने वाले 13 प्रतिशत है तो वहीं ग्लोबल एवरेज 16 प्रतिशत का है।

## आज का राशिफल

**मेष :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है।

**वृषभ :** शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं।

**कर्क :** धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा।

**सिंह :** कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**कन्या :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। प्रमाद न करें।

**तुला :** पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी।

**वृश्चिक :** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। सहयोग रहेगा।

**धनु :** जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यों में गति आएगी।

**कुंभ :** जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**मीन :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# इस दीवाली तेल से नहीं, पानी से जलाएं दीया

जल्द ही दीवाली का त्योहार आने वाला है. दीवाली यानी दीयों का त्यौहार. इस दिन हर कोई अपने घर को दीये जलाकर रौशन करता है. भगवान राम के चौदह साल के वनवास के बाद घर लौटने की ख़ुशी में जिस तरह से



अयोध्यावासियों ने दीये जलाए थे, उसी तरह हर साल दीवाली पर लोग अपने घर को रौशन करते हैं.

प्रभु श्रीराम की वापसी पर लोगों ने घी के दीये जलाए थे. लेकिन आम तौर पर घरों में लोग करंच के तेल, मस्टर्ड आयल या फिर तिल के तेल से दीया जलाते हैं. इन तेलों के इस्तेमाल से घर में कीड़े-मकौड़े कम हो जाते हैं. लेकिन अगर ढेर सारे दीये जलाए जाएं तो काफी तेल लगता है. ऐसे में दीवाली से पहले सोशल मीडिया पर पानी से दीया जलाने का वीडियो खूब वायरल हो रहा है.

### रातभर जलेंगे पानी वाले दीये

वायरल हो रहे इस वीडियो में पानी से दीया जलाने की ट्रिक शेयर की गई है. इसके लिए आपको सबसे पहले खाली दीयों में पानी भरना है. इसके बाद एक चम्मच की मदद से पानी के बीचोबीच थोड़ा-थोड़ा तेल डाल दें. अब पहले से तेल में भिगोई बत्तियों को पानी और तेल वाले दीये में डाल दें. अब आप बड़े आराम से इन दीयों को जलाकर देर तक इनकी रौशनी से घर को जगमगा सकते हैं.

दीवाली को लक्ष्मी पूजा के नाम से भी मनाया जाता है. ऐसे में जब आप इस ट्रिक से दीये जलाएंगे तो आपके काफी पैसे बच जाएंगे. जब पैसे बचेंगे तो लक्ष्मी ही आपके पास रह जाएगी. सोशल मीडिया पर ये ट्रिक काफी वायरल हो रही है. हालांकि, कमेंट बॉक्स में कई लोगों ने इस ट्रिक का मजाक भी बनाया. एक शख्स ने लिखा कि उसने पिछले साल इस ट्रिक से दीया जलाया था. वो इस साल तक जल रहा है.

# बच्चों के बालों की हेल्दी ग्रोथ के लिए सबसे बेस्ट है तेल

## एक्सपर्ट से जानें लगाने का सही तरीका

**आज के समय में बालों से जुड़ी समस्याएं बहुत ही आम हो गई हैं। कोई अपने झड़ते बालों से परेशान है, तो कोई बालों की ग्रोथ ना होने की वजह से दुखी है। दोमुंहे बाल, ड्राइनेस या चमक खो जाना; बालों से जुड़ी हुई और ना जाने कितनी समस्याएं हैं जिन्होंने लोगों की नाक में दम करके रख दिया है। ताज्जुब की बात है कि आज ये हेयर प्रॉब्लम्स सिर्फ बड़ों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में भी बड़ी संख्या में देखने को मिल रही हैं। ऐसे में आपके बच्चों को ये हेयर प्रॉब्लम्स फेस ना करनी पड़े, इसके लिए आपको शुरुआत से ही ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे में फेमस हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब ने बच्चों के बालों को हेल्दी बनाने के लिए कुछ टिप्स शेयर किए हैं, जिनकी मदद से आप अपने बच्चे के बालों का खास ख्याल रख सकती हैं।**

### बच्चों के बालों के लिए कौन सा तेल सही

इंडिया के सबसे फेमस हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब ने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया है कि बच्चों के बालों के लिए बादाम का तेल सबसे हेल्दी ऑप्शन है। दरअसल बादाम के तेल में भरपूर मात्रा में ओमेगा 3 पाया जाता है जो जड़ों को मजबूती देने के साथ, इनकी ग्रोथ को भी बढ़ाता है। इसके अलावा बादाम के तेल में पाया जाने वाला विटामिन ई, बालों की शाइन को बरकरार रखता है। ये तेल बहुत ही लाइट वेट होता



है, जिससे ये बच्चों के बालों में आसानी से अब्जॉर्ब हो जाता है। जावेद हबीब का मानना है कि बच्चों के बालों में बादाम का तेल ही लगाना चाहिए।

### जानें लगाने का सही तरीका

जावेद हबीब ने अपनी पोस्ट के जरिए बच्चों के बालों में तेल अप्लाई करने का सही तरीका भी बताया है। उनके अनुसार बच्चों के बालों को हेल्दी बनाए रखने के लिए हफ्ते में कम से कम दो बार उनके बालों में बादाम का तेल लगाना चाहिए। बालों को सही पोषण मिले इसके लिए जड़ों का मजबूत होना जरूरी है। इसलिए बालों में तेल लगाते समय, स्कैल्प पर तेल को अच्छे से अप्लाई करना चाहिए और उंगलियों का इस्तेमाल करते हुए स्कैल्प पर हल्की-हल्की मसाज भी करनी चाहिए। इससे तेल अब्जॉर्ब होकर जड़ों तक पहुंचता है, जिससे बालों को अंदर से मजबूती मिलती है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### घर जा रही छात्रा के अपहरण की कोशिश, ग्रामीणों ने आरोपी को किया अधमरा

**महाराजगंज.** महाराजगंज में घर जा रही छात्रा का सरेआम अपहरण की कोशिश की गई। छात्रा के अपहरण का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने आरोपी बाइक सवार को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने उसकी बुलेट बाइक में आग लगाकर फूंक दिया। घटना की सूचना पर पहुंची डायल-112 की पुलिस बाइक चालक को बचाकर अपने साथ ले जा रही थी कि गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों से भी हाथापाई की। थोड़ी देर बाद परतावल चौकी इंचार्ज व श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष भारी संख्या में पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच बुलेट चालक को पुलिस कर्मियों के साथ इलाज के लिए भेजा। धूं-धूंकर जल रही बुलेट की आग को चौकी इंचार्ज ने बुझाया। पुलिस छात्रा को अपने साथ थाना पर लेकर चली गई। परिजन भी पहुंच गए।

### बरेली में हादसा: पुताई के लिए मिट्टी खोद रहे बच्चों पर गिरी ढांग, मलबे में दबकर दो की मौत

**बरेली.** यूपी के बरेली में हादसा हो गया है। बिथरी चैनपुर के गांव तैयदपुर में पुताई के लिए खुदाई करते समय मिट्टी की ढांग गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। एक बच्चे के पिता ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बिथरी चैनपुर के गांव तैयदपुर निवासी नेत्रपाल का बेटा 14 वर्षीय रवि और नत्थूलाल का मुंहबोला बेटा 13 वर्षीय मोहित गांव के ही शिव मंदिर पर पुताई के लिए पीली मिट्टी की खुदाई करने गए थे। खुदाई के वक्त अचानक ही मिट्टी की ढांग गिर गई और दोनों बच्चों की उसमें दबकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर दोनों के परिवार और गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। इस दौरान नेत्रपाल ने अपने बेटे रवि की हत्या का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें समझाकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### 56 लाख बुजुर्गों को योगी सरकार का तोहफा, दिवाली से पहले खाते में आए 1-1 हजार रुपए

यूपी के 56 लाख लोगों को योगी सरकार ने दिवाली से पहले गिफ्ट दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में ही इन गरीब बुजुर्गों के खाते में 1000 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन उनके खाते में जा चुकी है। सरकार का दावा है कि इसके लिये 1,67,975 लाख रुपये खर्च किए गये हैं। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य बुजुर्गों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपने जीवन के अंतिम वर्षों में वत्तिीय परेशानियों से जूझने को मजबूर न हो और अपने जीवन को गरिमा और सम्मान के साथ जी सकें। शासन ने विभागीय अधिकारियों को विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर के माध्यम से वृद्धों को चन्हिति करने का निर्देश दिया था।

# चुनाव से पहले अजित पवार गुट को बड़ी राहत

- बरकरार रहेगा घड़ी चुनाव चिह्न, रखी शर्त

**नई दिल्ली.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार गुट को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अजित पवार गुट घड़ी चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करता रहेगा। इसे रोकने के लिए एनसीपी (शरद पवार) ने दो अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने अजित गुट द्वारा घड़ी के इस्तेमाल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार को निर्देश दिया कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) 'घड़ी' चुनाव चिह्न का इस्तेमाल एक डिस्क्लेमर के साथ करे, जिसमें यह स्पष्ट किया जाए कि इसका इस्तेमाल अदालत में विवाद का विषय है और शरद पवार द्वारा दायर याचिका के अंतिम परिणाम के अधीन है। लोकसभा चुनावों से पहले 19 मार्च और 4 अप्रैल को कोर्ट ने एनसीपी को सभी प्रचार सामग्रियों में यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया था कि 'घड़ी' चिह्न का इस्तेमाल न्यायालय के विचाराधीन है। आज कोर्ट ने अजित पवार को इस आशय का एक अंडरटेकिंग दाखिल करने का निर्देश दिया कि राज्य विधानसभा चुनावों के लिए भी पिछले आदेशों का पालन किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने अजित पवार गुट से 6 नवंबर तक नया हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।



सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी, अगर हमें लगता है कि हमारे आदेश का जानबूझकर उल्लंघन किया जा रहा है, तो हम स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई शुरू कर सकते हैं।₹ शरद पवार ने निर्वाचन आयोग के छह फरवरी के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसके तहत अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राकांपा के रूप में मान्यता दी गई थी।

आयोग ने राकांपा का 'घड़ी' चुनाव चिह्न भी अजित पवार नीत गुट को आवंटित कर दिया था। 19 मार्च को शीर्ष अदालत ने शरद पवार गुट को अपने नाम के रूप में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी और उसे चुनाव चिह्न 'तुतारी बजाता व्यक्ति' आवंटित किया था।

उच्चतम न्यायालय ने शरद पवार गुट की उस याचिका पर यह आदेश पारित किया था, जिसमें अजित पवार गुट को चुनाव में 'घड़ी' चिह्न का इस्तेमाल करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि अजित पवार गुट राजनीतिक लाभ के लिए शरद वार के नाम और तस्वीर का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। शरद पवार ने कांग्रेस से निष्कासन के बाद 1999 में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पूर्णो संगमा और तारिक अनवर के साथ राकांपा की स्थापना की थी। जुलाई 2023 में अजित पवार ने राकांपा में बगावत कर दी थी और पार्टी के अधिकतर विधायकों के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए थे।

# और करीब पहुंच गया चक्रवाती तूफान दाना

- भारी बारिश शुरू; 120 की स्पीड से चलेंगी हवाएं

**पुरी.** चक्रवाती तूफान दाना ओडिशा के और करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि गुरुवार दोपहर को भीषण चक्रवाती तूफान दाना ओडिशा तट से 200 किलोमीटर के भीतर था। इसकी वजह से राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और तेज हवाएं चलनी शुरू हो गईं। राज्य सरकार ने तटीय जिलों में निकासी के प्रयासों में भी तेजी लाई है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने एक समीक्षा बैठक की और



अधिकारियों को प्राकृतिक आपदा के कारण शून्य हताहत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मौसम विभाग ने कहा कि शुक्रवार तड़के ओडिशा में भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच चक्रवात के आने की संभावना है, जिसमें हवा की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटे (किमी प्रति घंटा) तक हो सकती है। आईएमडी ने अपने लेटेस्ट बुलेटिन में बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर मौसम प्रणाली पिछले छह घंटों के दौरान 12 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ी और पारादीप (ओडिशा) से लगभग 210 किमी दक्षिणपूर्व, धामरा (ओडिशा) से 240 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 310 किमी दक्षिण में केंद्रित रही।

बुलेटिन में बताया गया, ₹इसके 24 अक्टूबर की मध्यरात्रि से 25 अक्टूबर की सुबह तक उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने और पुरी तथा सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल के तटों को पार करने की बहुत संभावना है। यह 100-110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा की गति से 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है।" अधिकारियों ने बताया कि बालासोर, भद्रक, भितरकानिया तथा पुरी के कुछ इलाकों से पेड़ उखड़ने की खबरें मिली हैं, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। माझी ने बताया कि करीब तीन लाख लोगों को विभिन्न चक्रवात आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया है तथा अभियान जारी है। अब तक कुल 7,285 चक्रवात केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा 91 चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं।

# पुणे में पानी की टंकी गिरी

**5 मजदूरों की मौत : 5 घायल**



- पुलिस का दावा-प्रेशर के कारण टंकी की दीवार टूटकर मजदूरों पर गिरी

**पुणे.** पुणे में गुरुवार सुबह मजदूरों के कैंप बनी टेम्परेरी पानी की टंकी गिर गई। इस हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। 7 घायलों में से 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना पिंपरी चिंचवाड़ टाउनशिप के भोसरी इलाके में हुई, जब कुछ मजदूर पानी की टंकी के नीचे नहा रहे थे। पुलिस का कहना है कि शायद पानी के दबाव के कारण पानी की टंकी की दीवार फट गई, जिससे टंकी गिर गई। इससे वहां मौजूद मजदूर मलबे में फंस गए।

### जमीन से 12 फीट ऊपर थी पानी की टंकी

रिपोर्ट्स के मुताबिक पानी की टंकी नई बनाई गई थी। यह जमीन से 12 फीट ऊपर थी। सुबह मजदूर काम पर जाने से पहले नहाने के लिए टंकी के पास लगे नल पर आए। तभी अचानक टैंक फट गया और नहाने आए मजदूर उसके नीचे फंस गए। मजूदरों के इस कैंप में बिहार, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के करीब 1000 से 1200 मजदूर रह रहे हैं। कुछ मजदूर चार-पांच दिन पहले ही आए हैं।

### अडाणी ग्रुप के प्रोजेक्ट पर काम करते थे मजदूर

NCCL अडाणी ग्रुप लांडेवाडी में काम कर रहा है। ये मजदूर उस जगह पर काम कर रहे थे. वे सुबह 8 बजे काम पर निकल जाते हैं। इसलिए वे नहाने के लिए पानी की टंकी के पास पहुंचे थे। इस जगह पर एक समय में 20 से 25 मजदूरों के लिए एक साथ नहाने का इंतजाम किया गया था। यहां 60 मोबाइल टॉयलेट भी लगाए गए। सुबह जब घटना हुई तो 20 से 25 मजदूर नहाने गए थे।

# कश्मीर के कोर्ट रूम में धमाके से दहशत

- सबूत के तौर पर लाए गए ग्रेनेड फटने से हुआ विस्फोट

**बारामूला.** टारगेट किलिंग की घटनाओं के बीच जम्मू-कश्मीर के बारामूला की एक कोर्ट के एविडेंस रूम में धमाके की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक सबूत के तौर पर लाए गए ग्रेनेड के फटने से एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है। अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए गुरुवार को इसकी जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला कोर्ट परिसर के सबूत कक्ष के अंदर दोपहर करीब एक बजे विस्फोट हुआ। घायल पुलिसकर्मी को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है जहां उसका इलाज जारी है।

मामले की जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ₹सबूत के तौर पर लाया गया ग्रेनेड गलती से मालखाना के अंदर फट गया जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है।₹ पुलिस ने लोगों को आश्वस्त किया है कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर विश्वास न करने की और सतर्कता बरतने की अपील की है। यह घटना जम्मू-कश्मीर के मुख्य न्यायाधीश के दौरे के ठीक पहले हुई है जिससे अदालत परिसर की सुरक्षा लेकर सवाल उठ रहे हैं। सुरक्षा बल एहतियात के तौर पर इलाके की तलाशी कर रहे हैं। अचानक हुए उस हमले के बाद अधिकारी किसी भी संभावित जोखिम की जांच कर रहे हैं।

इस बीच कश्मीर में टारगेट किलिंग की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हुई है। गुरुवार को हफ्ते में तीसरी बार गैर कश्मीरी मजदूरों को निशाना बनाए जाने की खबर सामने आई है। गुरुवार को आतंकियों ने पुलवामा में गैर कश्मीरी को निशाना बनाते हुए उत्तर प्रदेश की के एक मजदूर को गोली मार दिया। इस हमले में मजदूर गंभीर रूप से घायल है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले रविवार को गांदरबल में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर हुए हमले में 6 प्रवासी मजदूर और एक स्थानीय डॉक्टर की मौत हो गई थी। वहीं 18 अक्टूबर को आतंकवादियों ने बिहार के रहने वाले एक मजदूर की शोपियां जिले में गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# कार नाले में गिरी, मां-बेटी सहित 5 की मौत

**ब्यावर.** कार के हाईवे से नाले में गिरने के कारण उसमें सवार मां-बेटी सहित 5 लोगों की मौत हो गई। एक महिला गंभीर रूप से घायल है। हादसा ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे (NH-62) पर गुरुवार सुबह करीब 7.15 बजे टायर फटने के कारण हुआ। कार सवार दाहोद (गुजरात) से फलोदी (राजस्थान) आ रहे थे। डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि कोतवाली थाना इलाके में ब्यावर-पिंडवाड़ा NH-62 पर थानेश्वरजी पुलिया के पास कार का टायर फट गया। स्विफ्ट कार डिवाइडर को तोड़ती हुई हाईवे से नीचे नाले में गिर गई।

कोतवाली सीआई कैलाश दान बारहट ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से बाहर निकलवाया। घायल महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर सिरोही हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। महिला की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे जोधपुर ले गए।

# किम जोंग की अजीब हरकत



- पड़ोसी देश के राष्ट्रपति भवन में फिर गिराए कचरे से भरे गुब्बारे

किम जोंग के नेतृत्व वाले उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया ने मई के अंत में दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजना शुरू किया था, जिसके बाद से उसने अब दूसरी बार इस तरह के गुब्बारे भेजे। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए गए, हालांकि इनमें कोई खतरनाक वस्तु नहीं थी। यह तत्काल पता नहीं चल पाया कि उत्तर कोरियाई गुब्बारे के गिरने के समय राष्ट्रपति यून सुक-योल परिसर में मौजूद थे या नहीं।

विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के पास खास स्थानों को निशाना बनाकर गुब्बारे गिराने के लिए संभवतः अत्याधुनिक तकनीक का अभाव है। दक्षिण कोरिया के 'डोंग-ए इल्बो' समाचार पत्र में बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर में बताया गया कि उत्तर कोरिया ने सियोल स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में कचरे से भरे गुब्बारे गिराए।

गुब्बारे से गिराए गए कचरे के साथ राष्ट्रपति यून और उनकी पत्नी किम कियोन ही की आलोचना वाले पर्चे भी थे।

### शुद्ध हवा न मिलना मौलिक हक का हनन

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में तेजी से खराब होती वायु गुणवत्ता पर नियंत्रण करने में विफल रहने पर बुधवार को नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, शुद्ध हवा न मिलना लोगों के प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने के मौलिक अधिकार का हनन है।

जस्टिस अभय एस. ओका, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह एवं ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण कम करने से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। बेंच ने कहा कि केंद्र और राज्यों को याद दिलाने का वक्त आ गया है कि अनुच्छेद-21 के तहत लोगों को प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने का मौलिक अधिकार है।

जस्टिस अभय एस. ओका ने कहा कि सरकार को जवाब देना होगा कि वे लोगों के प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने के अधिकार की रक्षा कैसे करेंगे। कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार के साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा पराली जलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने में विफल रहने पर फटकार लगाते हुए यह टिप्पणी की।

# प्रियंका गांधी ने बताई 12 करोड़ रुपये संपत्ति

- BJP ने पूछा- जमीन खरीदने कहां से आया पैसा

**नई दिल्ली.** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। अब भारतीय जनता पार्टी ने उनकी आय पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने पूछा है कि वाड्रा ने जो जमीन खरीदी है उसे खरीदने के लिए आय का जरिया



क्या था। कांग्रेस महासचिव ने 12 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। इस उपचुनाव से वह चुनावी पारी की शुरुआत करने जा रही हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एएनआई से बातचीत में पूछा, '...सवाल है कि प्रियंका वाड्रा की कमाई का स्त्रोत क्या है? साथ ही प्रियंका वाड्रा की पार्टी वो पार्टी है जो भारतीय शेयर मार्केट का शोषण करती है। यह वही वाड्रा परिवार है, जिसने बड़े कारोबारी घरानों के स्टॉक्स में निवेश किया था और म्यूचुअल फंड् में निवेश किया था। सवाल है कि वाड्रा और वाड्रा परिवार में यह पाखंड क्यों है।'

उन्होंने कहा, 'भारत की जनता वाड्रा से पूछ रही है कि हलफनामे के अनुसार, उन्होंने 2013 में जमीन खरीदी थी। उस जमीन की कीमत 5 गुना बढ़ गई है। वो जमीन खरीदने के लिए उनके पास आमदनी का जरिया क्या था। क्या वाड्रा जी अपने पति की तरह ही जमीन के संदिग्ध सौदों में शामिल हैं। क्या वाड्रा जी अपने पति के साथ तब मिलकर काम कर रही थीं, जब मिस्टर वाड्रा एनसीआर के संदिग्ध सौदों में शामिल थे।'

# भाजपा का नया अध्यक्ष दक्षिण भारत से बनाने पर मंथन

- दिसंबर में नया चेहरा मिल जाएगा
- अब तक दक्षिण से तीन अध्यक्ष रह चुके

**नई दिल्ली.** भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्षिण भारत से हो सकता है। पार्टी ने 15 दिसंबर तक नया अध्यक्ष चुनने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश संगठनों से कहा गया है कि दिसंबर के पहले हफ्ते तक अपने यहां संगठन चुनाव पूरे कर लें, ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए पार्टी की संवैधानिक जरूरतों को पूरा किया जा सके।



वाजपेयी सरकार के दौरान दक्षिण भारत से तीन शख्स राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। ये हैं: बंगारू लक्ष्मण, जना कृष्णामूर्ति और वेंकैया नायडू। PM मोदी के दो कार्यकाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर और पश्चिम भारत के रहे।

फिलहाल भाजपा के दक्षिण के दिग्गज नेताओं में प्रहलाद जोशी, एल मुरुगन, जी. किशन रेड्डी, के. अन्नामलाई, के. ईश्वरप्पा, निर्मला सीतारमण शामिल हैं। हो सकता है कि पार्टी इन्हीं में से किसी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए।

### जून में बढ़ा था जेपी नड्डा का कार्यकाल

मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल इसी साल जनवरी में खत्म हो चुका है। लोकसभा चुनाव के लिए जून तक विस्तार दिया गया था। जुलाई में पार्टी को नया अध्यक्ष चुनना था, लेकिन नए अध्यक्ष के चुनाव से पहले संगठनात्मक चुनाव की जरूरत होती है। इसमें 6 महीने का समय लगता है। इसलिए जून में नड्डा का कार्यकाल 6 महीने और बढ़ाया गया था।

### गुलमर्ग में आतंकी हमला, 5 जवान घायल

**गुलमर्ग.** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में भारतीय सेना की गाड़ी पर आतंकी हमला हुआ है। हमले में 5 जवान घायल हो गए हैं। सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं। इलाके को सील कर दिया गया है। सेना ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में पिछले चार दिनों में यह तीसरा बड़ा अटैक है। इससे पहले 20 अक्टूबर को गांदरबल में आतंकी हमले में डॉक्टर समेत 7 लोगों की हत्या कर दी गई थी। गुरुवार सुबह भी गैर प्रवासी मजदूर को आतंकियों ने गोली मारी थी।

# न्यूजीलैंड 259 पर ऑलआउट

**दूसरा टेस्ट, पहला दिन**

- सुंदर को कमबैक मैच में 7 विकेट
- भारत का स्कोर 16/1
- रोहित बिना रन बनाए आउट



भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बनाए। पुणे टेस्ट के तीसरे सेशन में न्यूजीलैंड पहली पारी में 259 रन पर ऑलआउट हो गया। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में गुरुवार को न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया।

भारत की पहली पारी में रोहित शर्मा शून्य पर आउट हुए। उन्हें टिम साउदी ने बोल्ड किया। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल नाबाद लौटे।

### पहली पारी में पूरे 10 विकेट स्पिनर्स ने लिए

पहली पारी में भारत की तरफ से सभी 10 विकेट स्पिनर्स ने लिए। 3 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले वॉशिंगटन सुंदर ने सबसे ज्यादा 7 विकेट झटके। इससे पहले, सुंदर ने मार्च 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। वहीं, रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिए।

न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाया। कॉन्वे ने 141 बॉल पर 76 और रचिन ने 105 बॉल पर 65 रन बनाए। मिचेल सैंटनर ने 33, डेरिल मिचेल-विल यंग ने 18-18 और टॉम लैथम ने 15 रन का योगदान दिया। पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके।

### महाकाल मंदिर में बदलेगी भस्मारती दर्शन की व्यवस्था

मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में तड़के होने वाली भस्मारती में शामिल होने के इच्छुक सामान्य श्रद्धालुओं के लिए एक खुशखबरी है। मंदिर प्रशासन जल्द ही भस्मारती के लिए नियम बदलने जा रहा है, जिससे सामान्य श्रद्धालुओं को अब रात 11 बजे से लाइन में नहीं लगना होगा। मंदिर प्रशासक गणेश धाकड़ नई व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, जिसे दीपावली के पहले से शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

इस नई व्यवस्था के तहत सामान्य श्रद्धालु रात 2 बजे सीधे मानसरोवर गेट से प्रवेश पा सकेंगे, इसके पहले श्रद्धालुओ को रात भर लाइन में खड़े रहना पड़ता था, जिससे कि बच्चे, बुजुर्ग सहित महिलाएं परेशान होती थीं।

# नागिन का इंतकाम, घर में सो रहे 5 लोगों को डसा, 3 की मौत

- वन विभाग ने लिया सपेरों का सहारा

**अमरोहा.** फिल्मों और कहानियों में नाग-नागिन के किस्से आपने बहुत देखे होंगे। कई फिल्मों में नागिन का इंतकाम भी देखा होगा। कुछ इसी से मिलता-जुलता मामला यूपी में भी देखने को मिला है। अमरोहा जिले के गढ़मुक्तेश्वर के एक गांव में सांप ने तीन लोगों को डस कर उन्हें मौत की नींद सुला दिया है। इसके अलावा भी सांप कई लोगों को डस चुका है। सांप के लगातार हो रहे हमले को देखकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू कर दी हैं। कुछ दिन पहले ही सांप के डसने से भाई-बहन और उसकी मां की मौत हो चुकी है। इसके बाद इसी सांप ने गांव के एक युवक को डस लिया। कुछ घंटे ही बीते थे कि सांप ने उसकी पत्नी को भी नहीं छोड़ा और उसे भी डस लिया। सांप से बचने के लिए लोग अब खुद को घरों के अंदर भी सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं। वन विभाग भी सांप को पकड़ने के लिए सपेरों का सहारा लेते नजर आया।

मामला बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव सदरपुर का है। रविवार की देर रात को घर के फर्श पर सोते समय मजदूर रिंकू जाटव की पत्नी पूनम, इकलौते बेटे कनिष्क और इकलौती बेटी साक्षी को सांप ने डस लिया था, जिससे उन तीनों की ही मौत हो गई थी। इस घटना की अगले ही रात को सांप ने पांच सात घर छोडक़र पड़ोस में रहने वाले प्रवेश को डस लिया था। मेरठ के अस्पताल में कई घंटों तक चले उपचार के बाद जान बचने पर परिजन उसे घर ले आए थे। परंतु कुछ ही घंटों के भीतर मंगलवार की देर रात को सांप ने चारपाई पर सो रही उसकी पत्नी ममता को डस लिया। जिससे गहरी नींद में सो रही चार बच्चों की मां ममता की चीख निकलते ही परिजनों की आंख खुल गई, जो उसे आनन फानन में स्थानीय चिकित्सक को दिखाने के बाद सीधे लेकर मेरठ के अस्पताल में पहुंच गए। कई घंटों तक चले उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर ममता को चिकित्सकों ने घर भेज दिया। परंतु कुछ ही देर के भीतर अचानक फिर से तबियत बिगड़ने पर परिजन ममता को आनन फानन में मेरठ अस्पताल में ले गए, जहां गंभीर हालत में उसका उपचार चल रहा है।

वन विभाग द्वारा मंगलवार को कई घंटों तक नाटक करते हुए बिटौरे से एक सांप को दबोचते हुए उसे ही हमलावर बताकर अपनी पीठ थपथपाई जा रही थी। परंतु कुछ ही घंटों के भीतर देर रात में प्रवेश की पत्नी ममता को सांप द्वारा डस लिए जाने से वन विभाग के नाटक की पोल खुलकर सामने आने पर ग्रामीणों में व्याप्त नाराजगी और भी बढ़ गई है। जिसे देखते हुए चुप्पी साधना मुनासिब मान रहे वन अधिकारियों ने अब सपेरों का सहारा लिया है। जिन्हें मेरठ जनपद के गांव गेसूपुर से बुलाकर कमलनाथ जोगी के नेतृत्व में गांव की गलियों में बीन बजवाई जा रही है, हालांकि कई घंटों की कवायद के बाद भी कोई सफलता मिल पानी संभव नहीं हो पाई।

## संक्षेप...

### डोंबिवली में ढहाई गई अवैध इमारत

**डोंबिवली.** बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश पर, कल्याण डोंबिवली मनपा सी वार्ड के अधिकारियों ने पूर्व में आयर क्षेत्र में सद्गुरु नाना धर्माधिकारी उद्यान के पास अवैध साईं रेजीडेंसी इमारत को तेईस दिनों की अवधि के भीतर चरणबद्ध तरीके से ध्वस्त कर दिया। आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़, उपायुक्त अवधूत तावड़े के मार्गदर्शन में वार्ड सी के सहायक आयुक्त संजय कुमार कुमावत की टीम ने कई बाधाओं को पार करते हुए इस विध्वंस कार्रवाई को अंजाम दिया. शुरुआत में इस सात मंजिला अवैध इमारत के अंदरूनी स्लैब तोड़े गए. इस इमारत पर कीलें ठोकने के बाद पिछले दो दिनों में शक्तिमान कटिंग मशीन की मदद से इमारत को जमींदोज कर दिया गया. इस अवैध इमारत का निर्माण कल्याण डोंबिवली कॉर्पोरेशन के जाली निर्माण दस्तावेजों के आधार पर पिछले तीन वर्षों के दौरान किया गया था.

# मविआ के बीच सीट बंटवारे का मामला फंसा अधर में

- राउत बोले- हम 100 सीटों पर लड़ेंगे
- कांग्रेस बोली- कल तक सब साफ हो जाएगा



**मुंबई.** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (MVA) में शामिल शिवसेना (उद्धव), NCP (शरद पवार) और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग का मामला फंसा हुआ है। एक दिन पहले तीनों दलों ने 85-85 सीटों पर लड़ने की घोषणा की थी। गुरुवार को शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

राउत के बयान के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा- गठबंधन में सबकुछ ठीक है। अंतिम सीट बंटवारे के फॉर्मूले की घोषणा गुरुवार शाम तक या फिर शुक्रवार सुबह तक कर दी जाएगी। पार्टी ने अपने कुछ उम्मीदवारों से पहले ही नामांकन पत्र दाखिल करने को कहा है, जिन्हें 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए टिकट मिलना तय है।

महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव होंगे। 23 अक्टूबर को MVA के तीनों दलों ने तय किया कि 85-85 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और शेष सीटों के लिए बातचीत जारी रहेगी। एक दिन बाद शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच कुछ सीटों की अदला-बदली हो सकती है। शिवसेना 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

- उद्धव ठाकरे ने 65 कैंडिडेट की लिस्ट जारी की

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शिवसेना (UBT) की बुधवार (23 अक्टूबर) शाम पहली लिस्ट जारी हुई। उद्धव ठाकरे ने 65 प्रत्याशियों की सूची जारी की, इसमें वर्ली से उनके बेटे आदित्य ठाकरे को प्रत्याशी बनाया गया है। कोपरी पाचपखाडी से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सामने केदार दिघे को टिकट दिया है। अभी कांग्रेस और NCP (SP) की लिस्ट आनी बाकी है।

# शरद पवार गुट ने जारी की पहली लिस्ट

## अजित पवार के खिलाफ भतीजे युगेंद्र को दिया टिकट

**पुणे.** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शरद पवार गुट ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट का ऐलान कर दिया है। शरद पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 45 उम्मीदवारों की घोषणा की। राकांपा (शरदचंद्र पवार) पार्टी ने बारामती विधानसभा क्षेत्र से भी अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। बारामती से राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने युगेंद्र पवार को उम्मीदवार घोषित किया है। युगेंद्र पवार का मुकाबला अपने चाचा और एनसीपी के दूसरे धड़े के प्रमुख अजित पवार से होगा। इस लिस्ट में जयंत पाटिल, अनिल देशमुख, राजेश टोपे समेत कई बड़े नाम शामिल हैं। जयंत पाटिल इस्लामपुर से चुनाव लड़ेंगे। जितेंद्र अव्हाड़ मुंब्रा से चुनाव लड़ेंगे। अनिल देशमुख काटोल से चुनाव लड़ेंगे। रोहित पवार कर्जत जामखेड से



और रोहिणी खडसे मुक्ताईनगर से चुनाव लड़ेंगी।

बता दें कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को 38 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी जिसमें राज्य के उपमुख्यमंत्री और पार्टी के प्रमुख अजित पवार पुणे जिले की बारामती सीट से चुनाव लड़ेंगें। राकांपा की उम्मीदवारों की पहली सूची में मंत्रियों समेत उन 26 विधायकों को इस बार भी प्रत्याशी बनाया गया है जो सत्तारूढ़ खेमे में शामिल होने के समय अजित पवार के साथ थे। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीट पर एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा जबकि 23 नवंबर को मतों की गिनती की जाएगी।

बारामती से उम्मीदवार के चयन पर एनसीपी (शरदचंद्र पवार गुट) के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा, बारामती से उम्मीदवार का चयन बारामती के स्थानीय लोगों की मांग पर आधारित है...मैंने उनसे बातचीत की...उन्होंने सुझाव दिया कि वह (युगेंद्र) नया चेहरा हैं, युवा और शिक्षित हैं और सभी को साथ लेकर चल सकते हैं...इसलिए हमने सोचा कि वह हमारी तरफ से सबसे अच्छे व्यक्ति होंगे...जिस तरह से लोग उनका समर्थन कर रहे हैं, मुझे लगता है कि इस बार अलग परिणाम होंगे।

## NCP (SP) की पहली लिस्ट - 45 नाम

| क्र. | विधानसभा | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| 1 | इस्लामपुर | जयंत पाटिल |
| 2 | काटोल | अनिल देशमुख |
| 3 | घनसावंगी | राजेश टोपे |
| 4 | कराड उत्तर | बालासाहेब पाटिल |
| 5 | मुंब्रा-कलवा | जितेंद्र आव्हाड |
| 6 | कोरेगांव | शशिकांत शिंदे |
| 7 | बसमत | जयप्रकाश दांडेगांवकर |
| 8 | जलगांव ग्रामीण | गुलाबराव देवकर |
| 9 | इंदापुर | हर्षवर्धन पाटिल |
| 10 | राहुरी | प्राचीन तनपुरे |
| 11 | शिरूर | अशोक पवार |
| 12 | शिराला | मासिंगराव नाइक |
| 13 | विक्रमगढ़ | सुनील भुसारा |
| 14 | कर्जत - जामखेड | रोहित पवार |
| 15 | अहमदपुर | विनायकराव पाटिल |
| 16 | सिंदखेड़ाराजा | राजेंद्र शिंगणे |
| 17 | उदगीर | सुधाकर भालेराव |
| 18 | भोकरदन | चंद्रकांत दानवे |
| 19 | तुमसर | चरण वाघमारे |
| 20 | किनवट | प्रदीप नायक |
| 21 | जिंतुर | विजय भामरे |
| 22 | पिंजरा | पृथ्वीराज साठे |
| 23 | बेलापुर | संदीप नाइक |
| 24 | वडगांव शेरी | बापूसाहेब पठारे |
| 25 | जामनेर | दिलीप खोडपे |
| 26 | मुक्ताईनगर | रोहिणी खडसे |
| 27 | मुर्तिजापुर | सम्राट डोंगरदिवे |
| 28 | नागपुर पूर्व | दिनेश्वर पेठे |
| 29 | किरोदा | रविकांत गोपचे |
| 30 | अहिरी | भाग्यश्री अत्राम |
| 31 | बदनापुर | बबलू चौधरी |
| 32 | मुरबाड | सुभाष पवार |
| 33 | घाटकोपर पूर्व | राखी जाधव |
| 34 | अंबेगांव | देवदत्त निकम |
| 35 | बारामती | युगेंद्र पवार |
| 36 | कोपरगांव | संदीप वारपे |
| 37 | शेवगांव | प्रताप ढाकणे |
| 38 | पारनर | लंका की रानी |
| 39 | आष्टी | महबूब शेख |
| 40 | करमाला | नारायण पाटिल |
| 41 | सोलापुर शहर उत्तर | महेश कोठे |
| 42 | चिपलून | प्रशांत यादव |
| 43 | कागल | समरजीत घाटगे |
| 44 | तासगांव - कवठे महांकाल | रोहित पाटिल |
| 45 | हडपसर | प्रशांत जगता |

# चुनावी प्रकिया निष्पक्षता से कराने सजग रहें -केंद्रीय चुनाव निरीक्षक



**ठाणे.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है और आने वाले 20 नवंबर को मतदान होगा। ठाणे जिला की 134 भिवंडी (ग्रामीण), 135 शहापूर, 136 भिवंडी (पश्चिम), 137 भिवंडी (पूर्व), 138 कल्याण (पश्चिम), 139 मुरबाड, 140 अंबरनाथ, 141 उल्हासनगर, 142 कल्याण (पूर्व), 143 डोबिवली, 144 कल्याण (ग्रामीण), 145 मीरा-भाईंदर, 146 ओवला माजिवाडा, 147 कोपरी-पाचपखाडी, 148 ठाणे, 149 मुंब्रा-कलवा, 150 ऐरोली, 151 बेलापूर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए केंद्रीय खर्च चुनाव निरीक्षक ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया।

जिलाधिकारी व मुख्य चुनाव अधिकारी अशोक शिनगारे के उपस्थिति में जिला नियोजन भवन के समिती सभागृह में चुनावी प्रक्रिया की जानकारी के लिए चुनावी निरीक्षक ने संबंधित अधिकारियों से पूछताछ किया ।इस बैठक में जिलापरिषद के मुख्यकार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, पुलिस अधीक्षक डॉ.डी. स्वामी, अतिरिक्त जिलाधिकारी विजयसिंह देशमुख, दीपक क्षीरसागर सभी विधानसभा चुनाव क्षेत्र के चुनाव खर्च नियंत्रण समिती के नोडल अधिकारी व विविध विभाग के अधिकारी, पुलीस अधिकारी आदि उपस्थित थे।

इस बैठक में 134 - 138 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के केंद्रीय खर्च निरीक्षक रविंदर सिंधू (आयआरएस), 144 - 147 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के केंद्रीय खर्च निरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंग (आयआरएस) (C&CP), 139 - 143 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के केंद्रीय खर्च निरीक्षक आशिषकुमार पांडे, 148 - 151 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के केंदीय खर्च निरीक्षक श्री.जी. मनिगंडास्वामी (आयआरएस) उपस्थित थे।

विधानसभा चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से हो और भारत चुनाव आयोग के दिये गए मार्गदर्शन सूचना व आदर्श आचार संहिता का पालन के साथ होना चाहिये यह बात केंद्रीय चुनाव खर्च निरीक्षक ने बैठक में निर्देश दिया ।साथ ही संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान रखना आवश्यक है ताकि आचार संहिता का उलंघन नही हो ।वीडियो रिकार्डिंग टीम के साथ ही संपूर्ण प्रक्रिया पर बारीकी से ध्यान रखें।पेड न्यूज के लिए अखबार,टीवी चैनल, सोशल मीडिया, आकाशवाणी केंद्र से प्रसारित होने वाले खबरों पर ध्यान रखना आवश्यक है।रेलवे,बैंक के माध्यम से कैश का आवागमन हो सकता है इसपर भी निगाह होना चाहिए ।उम्मीदवार के लिए 40 लाख तक की खर्च करने की सीमा निर्धारित की गई है।

# स्वीप अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और अन्य स्थानों पर मतदाता जागरूकता

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नए मतदाताओं के पंजीकरण के साथ मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के लिए चुनाव आयोग ने मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) अभियान की शुरुआत की है. स्वीप अभियान के अंतर्गत, 137 भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र में नारपोली हिंदी माध्यमिक विद्यालय, P.E.M प्राइमरी स्कूल और कॉलेज वेतालपाड़ा, बाबा हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज, सिस्टर निवेदिता जूनियर कॉलेज और हायस्कूल फेनेगांव, ककटिया हायस्कूल, मनपा स्कूल क्रमांक 75, मनपा स्कूल क्रमांक 71 और कामातघर माध्यमिक विद्यालय में स्वीप टीम द्वारा मतदान के महत्व, मतदाताओं के कर्तव्यों और नए मतदाताओं के पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाई गई.

छात्रों को प्रेरित किया गया कि वे 20 नवंबर 2024 को अपने परिवार के सदस्यों और परिचितों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें. इस अवसर पर विद्यालयों में प्रतीकात्मक मतदान, मतदाता जागरूकता अभियान, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं.छात्रों और शिक्षकों ने मतदान जागरूकता के लिए शपथ ली. भाग्य नगर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और नागरिकों के बीच भी स्वीप टीम के माध्यम से शपथ दिलाई गई और उन्हें 20 नवंबर 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया. तृतीय पंथी समुदाय के लिए काम करने वाले किन्नर अस्मिता संगठन से लाहोटी कंपाउंड में शपथ दिलाई गई और 20 नवंबर 2024 को मतदान करने का आह्वान किया गया.

## केंद्रीय खर्च पर्यवेक्षक ने भिवंडी पूर्व विधानसभा में तैयारियों का लिया जायजा

**भिवंडी.** भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी और केंद्रीय खर्च पर्यवेक्षक रविंदर सिंधू ने 137 भिवंडी (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर चुनाव खर्च से जुड़े कार्यों की गहन समीक्षा की. इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी अमित सानप और सहायक निर्वाचन अधिकारी अजय घोलवे उपस्थित थे.सिंधू ने चुनावी कार्यालय में पहुंचकर निगरानी दल, स्थिर सर्वेक्षण दल, मीडिया कम्युनिकेशन और मॉनिटरिंग सेल की कार्यप्रणाली की जानकारी ली. उन्होंने मतदान केंद्रों की स्थिति और संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान को लेकर भी विस्तार से चर्चा की. समीक्षा के दौरान खर्च पर्यवेक्षक ने चुनावी प्रक्रिया के पारदर्शी और निष्पक्ष संचालन के लिए किए गए उपायों की सराहना की.

# मुंबई विवि की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में SST चैंपियन







**उल्हासनगर.** मुंबई विश्वविद्यालय के खेल विभाग द्वारा मरीन लाइन्स में आयोजित मुंबई विश्वविद्यालय अंतर्गत अंतरमहाविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उल्हासनगर स्थित SST कॉलेज की महिला टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पुरुष टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया।

महिला वर्ग में 10 किमी दौड़ प्रतियोगिता में निकिता मार्ले ने प्रथम स्थान और अंकिता पोल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, 1500 मीटर दौड़ में काजल प्रजापति ने तीसरा स्थान हासिल किया। 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में त्रिशा नायर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

4x100 मीटर रिले में SST कॉलेज ने प्रथम स्थान पर अपनी छाप छोड़ी। इस टीम में त्रिशा नायर, अंकिता पोल, सुजाता मुंढेकर और निकिता मार्ले शामिल थीं।

पुरुष वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में विशाल कनोजिया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही, 10000 मीटर दौड़ में रोहन चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शॉट पुट स्पर्धा में जतिन सिंह ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

3000 मीटर स्टीपलचेस में कल्पेश देवरे ने प्रथम स्थान अपने नाम किया। वहीं, 5000 मीटर दौड़ में रोहन चौधरी ने पहला स्थान प्राप्त किया। मिश्रित रिले स्पर्धा में SST कॉलेज की टीम ने रजत पदक जीता। इस टीम में त्रिशा नायर, निकिता मार्ले, यश शेलार और आदिल सिंह ने हिस्सा लिया।

SST कॉलेज की इस शानदार उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के खिलाड़ियों पर हर तरफ से बधाइयों की बौछार हो रही है।

# किशोर कुमार की बायोपिक में आमिर खान करेंगे काम



आमिर खान को लेकर हाल ही में खबर आई कि उन्हें लिजेंड्री एक्टर-सिंगर किशोर कुमार की बायोपिक ऑफर की गई है। इतना ही नहीं कहा यह भी जा रहा है कि इस बायोपिक को अनुराग बसु डायरेक्ट करेंगे। चर्चा है कि आमिर खान और अनुराग इस प्रोजेक्ट के बारे में प्रॉड्यूसर भूषण कुमार के साथ डिस्कस कर रहे हैं। अब इस पर किशोर के बेटे अमित का रिएक्शन आया है।

### क्या बोले अमित कुमार



जब किशोर के बेटे अमित कुमार से पूछा गया कि क्या उन्हें पता है कि आमिर खान को इस रोल के लिए फाइनल किया गया है तो उन्होंने जवाब दिया कि अभी तक कुछ भी तय नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारी लीगल टीम के अनुसार प्रोजेक्ट से जुड़ी कोई जानकारी नहीं दे सकते।'

### किशोर के फैन थे आमिर

पिंकविला ने एक रिपोर्ट में बताया था कि किशोर कुमार की बायोपिक अनुराग बसु और भूषण कुमार के काफी करीब है। इसके अलावा, आमिर भी किशोर कुमार के बड़े फैन रहे हैं और उन्हें बसु का विजन भी काफी पसंद आता है। फिल्ममेकर ने इसे बहुत अलग तरीके से ट्रीट किया है और यही बात आमिर को सबसे ज्यादा पसंद आ रही है। सूत्र ने बताया है कि आमिर छह फिल्मों पर विचार कर रहे हैं।

## सलमान को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**मुंबई.** सलमान खान को धमकाते हुए 5 करोड़ रुपए की डिमांड करने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन (24) को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई की वरली पुलिस ने इसे झारखंड के जमशेदपुर से बुधवार (23 अक्टूबर) को अरेस्ट किया। आज इसे ट्रांजिट रिमांड पर झारखंड से मुंबई लाया जाएगा। जमशेदपुर के सब्जी बेचने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन ने ही पिछले हफ्ते मुंबई ट्रैफिक पुलिस को वॉट्सऐप कॉल करके फिरौती मांगी थी। उसने खुद को लॉरेंस गैंग का मेंबर बताया था।

सलमान को Y प्लस कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई थी। बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद Y प्लस सिक्योरिटी में एक लेयर और बढ़ाई गई है।

### धमकी देने के बाद मांगी थी माफी

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि पुलिस ने संदेश भेजने वाले का पता लगाने के लिए तुरंत जांच शुरू की। इसी बीच, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उसी मोबाइल नंबर से एक माफी वाला मैसेज भी मिला। पुलिस ने झारखंड के उस नंबर का पता लगाया और आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम भेजी। मुंबई पुलिस के मुताबिक, धमकी भरी मैसेज में लिखा था- 'इसे हल्के में मत लीजिए। सलमान खान को जिंदा रहना है और उसे लॉरेंस से दुश्मनी खत्म करनी है तो उसे 5 करोड़ रुपए देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए गए तो सलमान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा।'













यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099